उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 18 फाल्गुन, शक संवत्, 1931

**( दिनांक : 09 मार्च, 2010 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क" तथा "ख"**)।

2. निधन के निदेश।

3. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक - महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के वर्ष 2008-09 के वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे सदन के पटल पर रखेंगे।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2009 के तृतीय सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

5. प्रमुख सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

   (1) उत्तराखण्ड विनियोग (2009-2010 का अनुपूरक) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का पहला अधिनियम बन गया।

   (2) देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का दूसरा अधिनियम बन गया।

   (3) हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) अधिनियम, 2003 (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का तीसरा अधिनियम बन गया।

(4) पतंजलि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का चौथा अधिनियम बन गया।

(5) इक्फाई विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का पांचवा अधिनियम बन गया।

(6) पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का छठा अधिनियम बन गया।

(7) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973) (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का सातवां अधिनियम बन गया।

(8) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965) (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का आठवां अधिनियम बन गया।

(9) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1986) (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का नौवां अधिनियम बन गया।

(10) उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 05 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का दसवां अधिनियम बन गया।

(11) उत्तराखण्ड (उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

(12) उत्तराखण्ड मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का बारहवां अधिनियम बन गया।

(13) उत्तराखण्ड ऊर्जा विकास निधि (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का तेरहवां अधिनियम बन गया।

(14) उत्तराखण्ड राजभाषा विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का चौदहवां अधिनियम बन गया।

(15) उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971] (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का पन्द्रहवां अधिनियम बन गया।

(16) उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का सोलहवां अधिनियम बन गया।

(17) उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अधिकारियों के वेतन तथा भत्ते)] (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 जनवरी, 2010 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2010 का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

7. सभापति, आश्वासन समिति, उत्तराखण्ड द्वितीय विधान सभा की आश्वासन समिति (2009-10) का पन्द्रहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी)

8. श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड चौखुटिया में राम गंगा नदी पर ग्राम झलां हेतु ग्राम भटकोट से लड्डूमणि नामक स्थान पर पुल निर्माण किये जाने के संबंध में'' श्री श्याम सिंह मेहरा, पुत्र श्री नारायण सिंह निवासी-ग्राम झलां, पो0 धामदेवल, तहसील चौखुटिया, जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

10. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

11. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

12. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

13. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करेंगे।

14. महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री उत्तराखण्ड विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री उत्तराखण्ड विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

17. श्री केदार सिंह फोनिया निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे :-

"यह सदन महामहिम राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 08 मार्च, 2010 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।"

श्री अजय टम्टा उक्त प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

18. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 09 मार्च, 2010**

**(महेश चन्द्र)**
**प्रमुख सचिव।**

प्रथम सत्र, 2010
का प्रथम मंगलवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 18 फाल्गुन, शक संवत्, 1931

( दिनांक : 09 मार्च, 2010 )

## नत्थी "क"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम मंगलवार हेतु स्थगित तारांकित प्रश्न**

श्री नारायण पाल
12.06.2009

**समाज कल्याण**

*1. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2007–08 व 2008–09 में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के तहत प्रदेश को कुल कितनी धनराशि स्वीकृत थी और इसमें से कितनी राशि खर्च हुई है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि स्वीकृत पूर्ण राशि का उपयोग नही किया जा सका है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007 से 2009 तक इस योजना के तहत जनपद ऊधमसिंह नगर के सितारगंज, शक्तिगढ़ व नानकमत्ता क्षेत्रों के किन–किन गांवों में कुल कितनी धनराशि के कार्य किये गये? यदि नहीं, तो क्यों?

# नत्थी ''ख''

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>20.01.2010 | *1. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में जल स्तर गिरने के कारण पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त समस्या के समाधान हेतु कोई ठोस कार्य योजना बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>21.01.2010 | *2. क्या संसदीय कार्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में भारत के संविधान के 85 वें संशोधन 2001 को लागू कर दिया गया हैं? यदि नहीं, तो इस संवैधानिक व्यवस्था सम्बन्धी शासनादेश को लागू न करने के क्या कारण हैं? क्या सरकार 85 वें संविधान संशोधन को लागू करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **तृतीय सोमवार के तारांकित 3 में स्था0** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>21.01.2010 | *3. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने वाहन सी0एन0जी0 चालित है? क्या यह सत्य है कि सी0एन0जी0 चालित वाहनों में घरेलू गैस का प्रयोग किया जा रहा है? यदि हां, तो इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>28.01.2010 | *4. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है? यदि हां, तो इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| **श्री जोत सिंह गुनसोला<br>02.02.2010** | *5. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** | **पेयजल** |
| **श्री जोत सिंह गुनसोला<br>02.02.2010** | *6. **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।** | **उद्योग** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>04.02.2010 | *7. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों की पम्पिंग योजनाओं में शुद्व पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु फिल्टर प्लांट लगाये गये है? यदि नहीं तो क्या सरकार फिल्टर प्लांट लगाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हॉ तो कब तक? | **पेयजल** |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>01.10.2009 | **1.** | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत विवाह अथवा उपचार हेतु वर्ष 2008–09 तथा वर्ष 2009–10 में (अब तक) कितने और किस–किस के प्रार्थना पत्र आर्थिक सहायता हेतु प्राप्त हुई हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इनमें किस–किस को कितनी–कितनी आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और शेष को आर्थिक सहायता प्रदान न किए जाने के क्या कारण हैं? | **समाज कल्याण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>21.10.2009 | **2.** | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लिए वर्ष 2007–08 तथा वर्ष 2008–09 एवं वर्ष 2009–10 में (अब तक) स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत कितना बजट आवंटित किया गया है तथा स्वीकृत बजट के अन्तर्गत स्वीकृत/निर्मित योजनाओं का विधान सभा वार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि स्वीकृत/आवंटित बजट के सापेक्ष में कितनी–कितनी धनराशि किस–किस वित्तीय वर्ष में व्यय की गई है और अवशेष धनराशि व्यय न किए जाने के प्रति कौन उत्तरदायी है? | **समाज कल्याण** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>20.01.2010 | **1.** | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2009–2010 में एस0सी0पी0 योजना में बजट का निर्धारण माप दण्ड के अनुरूप किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>20.01.2010 | **2.** | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में कितनी भूमि सिंचित एवं कितनी भूमि असिंचित है? क्या सरकार असिंचित भूमि सिंचित किये जाने हेतु कोई कार्य योजना बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| **श्री सुरेन्द्र राकेश**<br>**21.01.2010** | **3.** | **आश्वासन समिति के विचाराधीन विषय।** | **नियोजन** |
| श्री जोगा राम टम्टा<br>21.01.2010 | **4.** | क्या पेजलय मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के ब्लाक तथा तहसील गंगोलीहाट के ग्राम नागधूणा की पेयजल योजना कितने समय से बन्द पड़ी है? क्या बन्द पेयजल योजना के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत रैतोला की ओर से दिनांक 15.12.2009 को प्रार्थना–पत्र उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो मंत्री महोदय के आदेश 1960/मंत्री पेयजल दिनांक 16.12.2009 पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गयी? क्या सरकार उक्त योजना के पुनर्निर्माण हेतु कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो योजना का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जोगा राम टम्टा<br>21.01.2010 | **5.** क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में गंगोलीहाट पव्वाधार मोटर मार्ग पर कि0मी0 12 तक पक्का मार्ग निर्मित है और इस पर कई वर्षो से यातायात चालू है? यदि हां, तो भारी यातायात दबाव के बाद भी इस मार्ग में बस न चलाने के क्या कारण हैं तथा कब तक गंगोलीहाट से पव्वाधार तक बस चलायी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>22.01.2010 | **6.** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भूमिहीन अनुसूचित जाति के लोगों को सरकार भूमि उपलब्ध करवाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **प्रथम बुधवार के अतारांकित 22 में स्था0** |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>22.01.2010 | **7.** क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में सरकार द्वारा कोई उद्योग स्थापित किये गये है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **उद्योग** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>25.01.2010 | **8.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में बढ़ई, लुहार, बाजगी, कुम्हार, दर्जी, शिल्पकार बर्तन बनाने वाले कारीगरों का परम्परागत् व्यवसाय आर्थिक तंगी के कारण लुप्त होता जा रहा है? यदि हां, तो सरकार इनके परम्परागत् व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्य योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? | **समाज कल्याण** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>27.01.2010 | **9.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गौरादेवी कन्याधन योजना कब से प्रारम्भ हुई? क्या योजना के लिए पर्याप्त मात्रा में धन उपलब्ध हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| **श्री शेर सिंह गढ़िया<br>28.01.2010** | **10.** **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** | **पेयजल** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>02.02.2010 | **11.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लालढांग जनपद हरिद्वार में वर्ष 2004 के बाद नाबार्ड सहायतित स्थापित कितने राजकीय नलकूप बन्द व कार्यरत है? क्या मंत्री जी अवगत है कि ग्राम खानपुर, भोगपुर, सुलतानपुर आदि क्षेत्र के राजकीय नलकूप खराब होने के कारण बंद है? यदि हां, तो सरकार बन्द पड़े नलकूपों को कब तक चालू करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>02.02.2010 | **12.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत चौबट्टाखाल ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना हेतु ग्रामीणों द्वारा अंशदान जमा करवाए जाने के बाबजूद भी अभी तक योजना पर कार्य प्रारम्भ न करवाए जाने के क्या कारण है तथा कब तक इस योजना पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>02.02.2010 | **13.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत बीरोंखाल ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना के अवशेष निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाने हेतु कितनी–कितनी धनराशि कब–कब अवमुक्त की गई है तथा योजना के निर्माण की कार्यप्रगति क्या है और कब तक इस योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा? | **पेयजल** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>02.02.2010<br>श्री सुरेन्द्र राकेश<br>03.02.2010 | **14.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार के द्वारा वर्तमान में कितनी न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई है तथा प्रदेश के विभिन्न आस्थानों में कार्यरत् मजदूर/श्रमिकों को निर्धारित मजदूरी मिल रही है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि वर्तमान में प्रदेश में संगठित क्षेत्र में कुल कितने मजदूर कार्यरत् है तथा प्रति मजदूर को कितनी मजदूरी का भुगतान किया जाता है? | **श्रम** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>02.02.2010 | **15.** क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अब तक कुल कितनी हाईड्रम योजनायें पूर्ण हो चुकी है तथा वर्तमान में कितनी योजनायें बन्द पड़ी हुई है? क्या सरकार बन्द पड़ी योजनाओं को पुनः प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>02.02.2010 | **16.** क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के पुरोला विधान सभा क्षेत्र में सीमान्त ब्लॉक में आई0टी0आई0 स्वीकृत है तथा पुरोला में आई0टी0आई0 भवन का निर्माण होना है? क्या यह सत्य है कि अभी तक स्वीकृत आई0टी0आई0 मोरी में कक्षाऐं शुरू नहीं की गई है और न ही मोरी और पुरोला में भवन निर्माण का कार्य शुरू हुआ है? यदि हां, तो कब तक उक्त आई0टी0आई0 भवनों में कक्षायें प्रारम्भ तथा भवन निर्माण के कार्य शुरू कर दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **श्रम** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>02.02.2010 | **17.** क्या सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई निर्माण खण्ड पुरोला जिला उत्तरकाशी में सिंचाई विभाग द्वारा कमल नदी बाढ़ सुरक्षा योजना मालगाढ़ बाढ़ सुरक्षा योजना का विस्तार एवं सौन्दर्यीकरण, ईशाली–आराकोट बाढ़ सुरक्षा योजना के आगणन प्राक्कलन शासन में विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदी पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों को प्रारम्भ किये जाने हेतु किसी कार्य योजना बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>03.02.2010 | **18.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड थैलीसैण के अन्तर्गत राठ महाविद्यालय पैठाणी में अनुसूचित जाति छात्रावास के निर्माण हेतु कब कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अब तक निर्माण कार्य की प्रगति क्या है और कब तक स्वीकृत छात्रावास का निर्माण पूर्ण किया जायेगा? क्या यह भी सत्य है कि छात्रावास निर्माण एक लम्बी अवधि से बन्द पड़ा हुआ है यदि हां, तो इसके कारण क्या है तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी है? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यशपाल बेनाम 03.02.2010 | **19.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जल निगम द्वारा जनपद देहरादून के विकास खण्ड रायपुर के अन्तर्गत शास्त्रीनगर (हरिद्वार रोड़) में वर्ष 2008 में सीवर लाइन बिछाने का सर्वेक्षण कार्य किया गया था? यदि हां, तो अभी तक सीवर लाइन बिछाये न जाने के क्या कारण है? सरकार कब तक शास्त्रीनगर में सीवर लाइन बिछाये जाने का कार्य प्रारम्भ करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री यशपाल बेनाम 03.02.2010 | **20.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007 से अब तक प्रदेश में कितने नये आई0टी0आई0 खोले गये है? क्या सरकार उक्त का ब्यौरा सदन के पटल पर रखेंगी? | **श्रम** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 03.02.2010 | **21.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2009–10 में विभाग द्वारा एस0 सी0/ एस0 टी0/ ओ0 बी0 सी0 हेतु कुल कितने छात्र–छात्राओं को छात्रवृति प्रदान की गई तथा इसके सापेक्ष विभाग को कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए है। | **समाज कल्याण** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 03.02.2010 | **22.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधवा /विधुर तथा वृद्धावस्था पेंशन हेतु सभी पात्र आवेदकों को वित्तीय वर्ष 2009–10 में पेंशन प्रदान की गई है? यदि नहीं तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार समय पर उक्त को पेंशन भुगतान कराने की योजना पर विचार कर रही है? | **समाज कल्याण** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 03.02.2010 | **23.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सिंचाई विभाग का ढ़ांचा स्वीकृत है? यदि हां, तो स्वीकृत ढ़ांचे के सापेक्ष विभागों में कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत् है? क्या सरकार ढ़ांचे के अनुरूप रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 03.02.2010 | **24.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विभाग में विकलांगों हेतु विभिन्न श्रेणियों में कुल कितने पद आरक्षित हैं तथा उनके सापेक्ष अब तक कितने पदों को भरा गया है? क्या सरकार जनपद वार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **तृतीय मंगलवार तक स्थगित** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 03.02.2010 | **25.** क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के अन्तर्गत आज तक कुल कितनी इकाईयॉ उत्पादन कर रही है? क्या सरकार द्वारा खादी उद्योग को बढ़ावा देने की नीति बनायी गई है? यदि हॉ, तो उसका स्वरूप क्या है? | **खादी एवं ग्रामोद्योग** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 04.02.2010 | **26.** क्या बाह्य साहायतित परियोजना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2009 के अन्त तक किन–किन बाह्य साहायतित परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है? क्या सरकार द्वारा इन योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो सरकार कितने समय में उक्त परियोजनाओं को पूरा करेगी? | **बाह्य साहायतित** |

श्री जोत सिंह गुनसोला
05.02.2010

**27.** क्या बाह्य साहायतित परियोजना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बाह्य साहायतित परियोजनाओं की वर्ष 2009 तक ऋण व अनुदान की स्थिति क्या थी तथा कुल कितना अनुदान किन–किन मदों में प्राप्त हुआ? क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2009–10 में ऋण की अदायगी का भी विवरण प्रस्तुत करेगी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि लिए गए ऋण का सरकार के द्वारा कितने वर्षो में किन ब्याज दरों पर भुगतान किया गया है?

**बाह्य साहायतित**

श्री गणेश जोशी
09.02.2010

**28.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत लालूर पट्टी पम्पिंग पेयजल योजना की वित्तीय स्वीकृति का प्रकरण लम्बित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी व्यापक जनहित को दृष्टिगत रखते हुये लालूर पट्टी पम्पिंग पेयजल योजना को मूर्त रूप देने हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**पेयजल**

श्री गणेश जोशी
09.02.2010

**29.** क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल में नैनबाग स्थित आई0टी0आई0 स्थापना की स्वीकृति के उपरान्त भी अब तक भवन निर्मित नहीं हो पाया है, जिस कारण कक्षायें संचालित करने में अत्यन्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार छात्र/छात्राओं के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये उक्त आई0टी0आई0 के भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**श्रम**